Reg. No. : ....................................

Name : ........................................

**SY-205**

**SECOND YEAR HIGHER SECONDARY
MODEL EXAMINATION, FEBRUARY 2023**

Part – II

**HINDI**

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours

Cool-off time : 15 Minutes

***सामान्य निर्देश :***

- प्रश्न वाचन और चिंतन के लिए 15 मिनट का समय है ।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें ।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें ।
- सूचना के अनुसार वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

Hsslive.in
www.hsslive.in

**सूचना : 1 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर कोष्ठक से चुनकर लिखें :** **(5 × 1 = 5)**

1. 'सूरीनाम में पहला दिन' किसकी रचना है ?

   (जवाहरलाल नेहरू, हिमांशु जोशी, राज बुद्धिराजा)

2. सपना देखनेवाली कहाँ घर खींचने लगी ?

   (पानी पर, मिट्टी पर, मन-दीवार पर)

3. 'मेरे भारतवासियो...' किस विधा की रचना है ?

   (भाषण, कहानी, कविता)

4. मातृभूमि का सिंहासन कौन है ?

(नदियाँ, शेषफन, नीलाकाश)

5. कुमार किस रचना का पात्र है ?

(वह भटका हुआ पीर, मातृभूमि, मुरकी उर्फ़ बुलाकी)

सूचना : कवितांश पढ़ें और 6 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

"कुली" ! पुकारते ही
कोई मेरे अंदर चौंका । एक आदमी
आकर खड़ा हो गया मेरे पास ।
सामान सिर पर लादे
मेरे स्वाभिमान से दस क़दम आगे
बढ़ने लगा वह
जो कितनी ही यात्राओं में
ढो चुका था मेरा सामान ।

Hsslive.in
www.hsslive.in

6. कवि के पास कौन आकर खड़ा हो गया ? (1)

7. आदमी के रूप में पहचानने से पहले कुली के साथ कवि की यात्रा कैसी थी ? (2)

8. कवितांश की आस्वादन–टिप्पणी लिखें । (6)

सूचना : 9 से 11 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखें : (2 × 2 = 4)

9. 'भाषा भावों की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम होती है ।' – यहाँ लेखक ने भाषा के बारे में क्या बताया है ?

10. मातृभूमि से कवि का बचपन कैसे जुड़ा है ?

11. 'मगर नींद के

खुलने के पूर्व ही नोटीस

बैंक की आ धमकी सपने में' –

किसकी नींद टूटी ? सपने में क्या आ धमकी ?

**सूचना : 12 से 15 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें।** **(3 × 4 = 12)**

12. जीवनवृत्त पढ़ें और डॉ. जे. बाबु के बारे में एक अनुच्छेद लिखें।

| जीवन-वृत्त | |
|---|---|
| नाम | : डॉ. जे. बाबु |
| जन्म | : 1952 |
| जन्म-स्थान | : तिरुवनन्तपुरम्, केरल |
| रचनाएँ | : मुक्तधारा, उलझन, उलाहना |
| पुरस्कार | : अखिल भारतीय कहानी पुरस्कार, हिंदीतर भाषी लेखक पुरस्कार |
| विशेषता | : हिंदीतर प्रदेश के हिन्दी साहित्यकार |

Hsslive.in

www.hsslive.in

13. हाइकू पढ़ें और भावार्थ लिखें।

जिन्हें न होता

दर्द का अहसास

आँसू ओस हैं।

14. ये कथन पढ़ें और राजवंती के चरित्र पर टिप्पणी लिखें।

- मैं प्यार से उसको मुरकी बुलाती थी कभी बुलाकी।
- मेरे जीते जी कभी कोई तुझसे यह चाबी नहीं छीनेगा।

15. "ये दोस्ती....

हम नहीं तोड़ेंगे

तोड़ेंगे दम मगर

तेरा साथ न छोड़ेंगे । "

दोस्ती की विशेषताओं पर टिप्पणी लिखें ।

**सूचना :** गद्यांश पढ़ें और प्रश्न 16 और 17 के उत्तर लिखें ।

इतिहास के आरंभ के साथ ही भारत ने अपनी अंतहीन खोज प्रारंभ की और न जाने कितनी ही सदियाँ इसकी भव्य सफलताओं और असफलताओं से भरी हुई हैं । चाहे अच्छा वक़्त हो या बुरा, भारत ने कभी इस खोज से अपनी दृष्टि नहीं हटाई और कभी भी अपने उन आदर्शों को नहीं भूला जिसने इसे शक्ति दी । आज हम दुर्भाग्य के एक युग का अंत कर रहे हैं और भारत पुनः खुद को खोज पा रहा है ।

16. भारत ने कब अपनी अंतहीन खोज प्रारंभ की ? **(2)**

17. खंड का संक्षेपण करें । **(6)**

**सूचना : 18 से 22 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें ।** **(3 × 6 = 18)**

18. पद पढ़ें और भावार्थ लिखें ।

सुतमुख देखि जसोदा फूली ।
हरषित देखि दूध की दँतियाँ प्रेम मगन
तनु की सुधि भूली ।।
बाहिर ते तब नंद बुलाए देखौ धौं
सुंदर सुखदाई ।
तनक तनक सी दूध की दँतियाँ
देखौ नैन सुफल करो आई ।।
आनंद सहित महर तब आए मुख
चितवन दोउ नैन अघाई ।
'सूर' स्याम किलकत द्विज मनो
कमल पर बीजु जमाई ।।

Hsslive.in

www.hsslive.in

19. बेटी का खत बादशाह के लिए आँसूनामा था । इस प्रसंग में बादशाह और बेटे के बीच की बातचीत लिखें ।

- परिवारवालों की सोच
- दिल्लीवासियों के प्रति आकुलता
- तत्कालीन स्थिति पर निराशा

20. 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्कूल में भाषण प्रतियोगिता हो रही है । विषय है – 'विद्यार्थी और राजनीति' । इसके लिए एक पोस्टर तैयार करें ।

21. स्कूटरवाले के बारे में लेखिका अपने मित्र को पत्र लिखती है । वह पत्र लिखें ।

- गरीब जीवन
- राहगीरों को पानी पिलाना
- दिल के रिश्ते जोड़ना

Hsslive.in
www.hsslive.in

22. अंग्रेज़ी खंड पढ़ें और हिन्दी में अनुवाद करें :

We love and respect our parents. Similarly we should love and respect our country too. There are several reasons for loving our motherland. The country take care of us like our parents.

Love – प्रेम

Respect – आदर

Parents – अभिभावक

Similarly – उसी तरह

23. सही मिलान करें : **(8)**

| | | |
|---|---|---|
| Affidavit | – | ऊर्जा |
| Bacteria | – | विकिरण |
| Copyright | – | शपथ-पत्र |
| Energy | – | जीवाणु |
| Humanities | – | पराबैंगनी |
| Radiation | – | सर्वाधिकार |
| Satellite | – | मानविकी |
| Ultraviolet | – | उपग्रह |

**सूचना : 24 से 26 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखें : (2 × 8 = 16)**

24. बाज़ार में हाल ही में नया केश तेल आया है । इसकी बिक्री बढ़ाने के लिए आकर्षक विज्ञापन तैयार करें ।

- कम दाम
- जैविक
- सुगन्धी
- सिरदर्द के लिए अच्छा

Hsslive.in
www.hsslive.in

25. पति द्वारा उपेक्षित मुरकी, राजवंती के यहाँ आश्रय लेती है । वह अपने मन की पीड़ा डायरी में लिखती है । वह डायरी लिखें ।

- शहरी लड़के के साथ भाग जाना
- सुखी जीवन बिताना
- सराय पर छोड़ना
- राजवंती के यहाँ लौट आना

26. लेखक विश्व हिन्दी सम्मेलन में भाग लेने पारामारिबो शहर पहुँचे । वहाँ के अनुभवों का उल्लेख करते हुए अपना आत्म–कथांश लिखता है । वह तैयार करें ।

- सम्मेलन के अनुभव
- उद्घाटन समारोह
- हिन्दी का प्रचार
- भारतवंशियों का उत्साह

---